भारत सरकार

खान मंत्रालय

भारतीय खान ब्यूरो

संख्या- ई-11011/3/2023-हैद्रा. हैदराबाद, दि. 21.10.2026

सेवा में,

राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
नागपूर।

विषय- विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

महोदय,

दिनांक 28.09.2026 को हुई विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के बैठक का कार्यवृत्त इस पत्र के साथ आपके सूचनार्थ एवं आगे की कार्यवाई हेतु भेजा जा रहा है।

यह पत्र उप खान नियंत्रक, (प्रभारी) भारतीय खान ब्यूरो, हैदराबाद के अनुमोदन के उपरांत जारी किया जा रहा है।

संलग्न: कार्यवृत्त

Digitally signed by JITESH GANGAWAT
Date: 22-10-2026 10:26:37

(जितेश गांगावत)
सहायक खान नियंत्रक
व हिंदी संपर्क अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो, हैदराबाद

माह 'जूलाई से सितंबर' 2026 के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

दि. 28.09.2026 को इस कार्यालय में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्न सदस्यों ने भाग लिया।

1. श्री. रामकिशन आर, उप खान नियंत्रक,(प्रभारी) - अध्यक्ष
2. श्री जितेश गांगावत, सहायक खान नियंत्रक एवं हिन्दी संपर्क अधिकारी- सदस्य सचिव
3. श्री एम.के. कलमाटा, क्षेत्रीय खनन भूविज्ञानी - सदस्य
4. श्री के. नवीन, सहायक खान नियंत्रक - सदस्य
5. श्री निलाभ पांचाल सहायक खान नियंत्रक - सदस्य
6. श्री ए. वी. रमेश कुमार, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी - सदस्य
7. श्री एजाज अहमद, सहायक खनन भूविज्ञानी - सदस्य
8. श्री राकेश कुमार आर्या - सदस्य
9. श्रीमती पद्मिनि एस. मेनन, व. निजी सचिव - सदस्य
10. श्री विनय रेड्डी, वरिष्ठ तकनिकी सहायक (सर्वे) - सदस्य
11. श्री वोड़नाला राजेश, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी - सदस्य
12. श्रीमती के. उमादेवी, उच्च श्रेणी लिपिक - सदस्य
13. श्री संदीप कनुकू, सहायक - सदस्य
14. श्री सभीजीत कुमार, सहायक भंडारपाल (तकनीकी) - सदस्य
15. श्री सुनीलकुमार, एम.टी.एस. - सदस्य

हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा स्वागत के उपरान्त बैठक आरंभ की गई।

1. इस कार्यालय के हिंदी पत्राचार से संबंधित चर्चा की गई। हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा दि. 30.09.2026 को समाप्त होने वाली द्वितीय तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा मे उठाए गए मुद्दों पर चर्चा की गई तथा आदेश दिया कि इन मुद्दों पर उचित कार्यवाही करें तथा अनुपालन करें।

   (कार्रवाई : सभी अधिकारी/कर्मचारी)

2. राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी फाइलों में हिन्दी की नोटिंग्स लिखने के लिए निर्देश दिया गया एवं ई-ऑफिस मे हिन्दी के प्रयोगों व हिन्दी के अन्य टूल्स से अवगत कराया गया।

   (कार्रवाई : सभी अधिकारी/कर्मचारी)

3. हिन्दी पत्रों का जवाब हिन्दी मे ही देने का निर्देश दिया गया।

   (कार्रवाई : सभी अधिकारी/कर्मचारी)

4. राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने हेतु हिन्दी अनुवादक की नियुक्ति की आवश्यकता है । इसके बारे मे पहले भी मुख्यालय को सूचित किया जा चुका है । इसके बारे मे मुख्यालय से कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हुआ है हिन्दी अनुवादक की नियुक्ति होने से हिन्दी संबंधी कार्य का निष्पादन सुचारु रूप से किया जा सकता है ।

   (कार्रवाई : हिन्दी संपर्क अधिकारी)